Seventeenth Loksabha

an>

Title**: Regarding request to resume the train services as were before Covid time in Rajsamand Parliamentary Constituency.**

सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द): सभापति महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे शून्य काल में एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया दिया है।

महोदय, हमारे बहुत ही ऊर्जावान प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में और रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी के अथक प्रयासों से भारतीय रेल नई ऊंचाइयां छू रही है तथा आधुनिक तकनीक के उपयोग से वैश्विक स्तर पर अपनी नई पहचान बना रही है। आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से मेरी मांग है कि कोरोना काल के दौरान मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर कई ट्रेनों के ठहराव बंद कर दिए गए थे। जिनका विवरण मैं दे रही हूँ और उनको पुन: शुरू किया जाए। ट्रेनों का विवरण है :-

1. ट्रेन नं. 14813-14814 का ठहराव गोटन, जालसू और खेड़ूली पर था।

2. ट्रेन नं. 14721-14722, ट्रेन नं. 19223-19224, ट्रेन नं. 19225-19226 और ट्रेन नं.

14887 - 14888 का ठहराव गोटन पर।

3. ट्रेन नं. 19031-19032 का ठहराव सैंदड़ा पर।

इसके अलावा जोधपुर से दिल्ली-सराय रोहिल्ला के मध्य संचालित होने वाली ट्रेन नं. 22421-22422 सालासर एक्सप्रेस का संचालन कोहरे के कारण 01 दिसम्बर 2022 से 28 फरवरी 2023 तक स्थगित कर दिया गया है। यह ट्रेन मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत डेगाना और मेड़ता स्टेशन पर रुकती है। इन ट्रेनों के ठहराव बंद होने से स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों के ठहराव पुनः शुरू करवाने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि और स्थानीय निवासी लगातार मांग कर रहे हैं।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से आग्रह है कि इस सम्बंध में पुनर्विचार करते हुए इन सारी ही ट्रेनों का पुन: संचालन शुरू किया जाए। ये कोरोना काल में बंद हुई थी, लेकिन ये बहुत ही आवश्यक ट्रेनें हैं और इनको दोबारा शुरू किया जाए। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Danish Ali -- not present.

Shri Kanakmal Katara -- not present.

Shri Vivek Narayan Shejwalkar.